शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूंगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुडे

dr.amws

@DrAMWS2022

@bhimchannel22

डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

संविधान संशोधन समिति

आम सूचना

क्रमांकः DrAMWS/2022/SSS/R- 05 दिनांकः 07 फरवरी, 2023

अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान, जयपुर के कार्यालय आदेश क्रमांक DrAMWS/2022/GS/R-51 दिनांक 10 दिसम्बर, 2022 व क्रमांक DrAMWS/2022/GS/R-2 दिनांक 04 जनवरी, 2023 के द्वारा सोसायटी के संविधान में संशोधन के लिए **''संविधान संशोधन समिति''** का गठन किया गया है। समिति को तीन माह में संविधान संशोधन प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

समिति ने उक्त निर्देशों की पालना में दिनांक 28.12.2022 व दिनांक 10.01.2023 को संशोधन प्रस्ताव तैयार करने हेतु बैठकें आयोजित की। समिति द्वारा गहन विचार–विमर्श के पश्चात् संविधान संशोधन हेतु सुझाव आमन्त्रित करने के लिए **''संविधान सशोधन सुझाव प्रश्नावली''** सर्वसम्मति से अनुमोदित की जाकर **सुझाव सोसायटी की अधिकृत ई–मेल (dramdkr@gmail.com), सोसायटी के पंजीकृत कार्यालय के पते (13–14, झालाना डूंगरी, जयपुर–302004) पर एवं सामाजिक अखबारों में प्रकाशनों के माध्यम से आमन्त्रित किये गये। कार्यालय में सुझाव प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक 31.01.2023 रखी गई थी। अब तक मात्र दस सदस्यों से सुझाव प्राप्त हुए है, जो संस्था के सदस्यों की संख्या को देखते हुए नगण्य है।**

अतः अध्यक्ष, ''संविधान संशोधन समिति'' के निर्देशानुसार संस्था के माननीय सदस्यों से लिखित में सुझाव आमन्त्रित करने के लिए अन्तिम अवसर प्रदान करने हेतु दिनांक 11 फरवरी, 2023 को प्रातः 11.30 बजे डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के ''रमाबाई सभागार'' झालाना डूंगरी, जयपुर में बैठक आयोजित की गयी है। माननीय सदस्यगण प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक लिखित में सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे। संस्था के माननीय सभी सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में आवश्यक रूप से पधारने का श्रम करें।

जी. एल. वर्मा
सदस्य सचिव
संविधान संशोधन समिति

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. अध्यक्ष एवं समस्त प्रदेश कार्य समिति, कार्यकारिणी डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान, जयपुर **(व्हाट्सएप द्वारा)**
2. अध्यक्ष जिला एवं अन्य शाखाएँ सोसायटी **(व्हाट्सएप द्वारा)**
3. सोसायटी अध्यक्ष एवं सदस्यगण सोसायटी संविधान संशोधन समिति
4. नोटिस बोर्ड
5. सामाजिक अखबार में प्रकाशन हेतु।
6. सोसायटी वेबसाइट
7. सोशल मीडिया